क्रम सं०	गाड़ी	
6	547/548	मऊ–भटनी खंड पर गोरखपुर–मऊ पैसेंजर
7	25/26	धुबरी–गुवाहाटी पैसेंजर
8	9809/9810	भावनगर–अहमदाबाद शेत्रुंजी एक्सप्रेस
9	5717/5718	कटिहार–रंगापाड़ा नार्थ द्वार एक्सप्रेस
10	47/48	ओखा वीरमगाम खंड पर ओखा वड़ोदरा पैसेंजर
11	6365/6366	तिरूच्चिरापल्ली-कोचिन एक्सप्रेस
12	7489/7490	वाराणसी–कोचिन एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
13	7491/7492	वाराणसी तिरूपति एक्सप्रेस (सप्ताह में दो बार)
14	6017/6018	जम्मू तवी-कन्याकुमारी हिमसागर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
15	6093/6094	लखनऊ–मद्रास एक्सप्रेस (सप्ताह में दो बार)
16	589/590	ईरोड-तिरूच्चिरापल्ली पैसेंजर
17	2403/2404	कानपुर–वाराणसी श्रमिक एक्सप्रेस
18	3039/3040	हवड़ा–मुगलसराय खंड पर हवड़ा-दिल्ली जनता एक्सप्रेस
19	6687/6688	जम्मू–तवी मंगलौर नवयुग एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
20	4017/4018	इलाहाबाद–अंबाला ऊंचाहार एक्सप्रेस
21	3025/3026	हवड़ा–मुजफरपुर नार्थ बिहार एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
22	5049/5050	हवड़ा–गोरखपुर एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
23	8689/8690	मद्रास–अलेप्पी खंड पर बोकारो स्टील सिटी–अलेप्पी एक्सप्रेस
24	2181/2182	हवड़ा–आगरा कैंट चम्बल एक्सप्रेस (साप्ताहिक)
25	4083/4084	दिल्ली–कटिहार महानंदा एक्सप्रेस

कर्णाटक और तमिलनाडु में बंद के कारण रेलगाड़ियों पर पड़ा प्रभाव

342. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कावेरी नदी के जल के बटवारे संबंधी विवाद पर कर्णाटक और तमिलनाडु में हुए बंद के परिणामस्वरूप रेल सेवाएं किस सीमा तक प्रभावित हुई थीं ; और

(ख) इसके परिणामस्वरूप हुई हानि का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) कर्णाटक में 13-12-1991 को और तमिलनाडु में 2-1-1992 को बंद के दौरान 277 यात्री गाड़ियां पूर्ण रूप से और 34 यात्री गाड़ियां आंशिक रूप से रद्द की गई थीं ;

(ख) लगभग 30 लाख रुपए।

बिना टिकट यात्रा करना

343. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष के दौरान बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल के वाणिज्य विभाग ने कितनी बार मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराई तथा उनमें कितने व्यक्ति पकड़े गए और उनसे कितनी धनराशि वसूल की गई ;

(ख) सरकार ने इस मंडल के टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों में व्याप्त प्रचण्ड भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या कदम उठाये हैं ; और

(ग) इस मंडल के सभी छोटे स्टेशनों पर टिकटों की कमी के क्या कारण हैं जिसके परिणामस्वरूप बिना टिकट यात्रा को प्रोत्साहन मिलता है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) 1990-91 के दौरान दक्षिण-पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल ने 67 बार मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराई गई थी। इन जांचों के दौरान 135 व्यक्ति पकड़े गए थे। उनसे रेलवे को देय और न्यायिक जुर्माने के रूप में क्रमश: 90 रुपए और 268 रुपए की राशि वसूल की गई थी।

(ख) टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों के कार्य-निष्पादन पर अधिकारियों तथा निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है। इसके अलावा समय-समय पर अचानक जांच, कर्मचारियों की अदला-बदली कर के जांच, सतर्कता जांच आदि भी की जाती है।

(ग) इस मंडल के छोटे स्टेशनों पर टिकटों की कोई कमी नहीं है, यदि एक स्टेशन पर किसी स्टेशन के लिए मुद्रित कार्ड टिकटों का स्टाक खत्म हो जाता है तो यात्रियों को पर्ची-टिकट जारी कर दिए जाते हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे में वैगनों की आवश्यकता

344. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल के व्यापारियों की प्रतिवर्ष कितने वैगनों की मांग है और कितनी मांग पूरी की जा रही हैं और इस कमी को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ख) क्या इस मंडल के छोटी लाइन खण्ड में खनिजों/डोलोमाइट, मैंगनीज बांस/वन सम्पत्ति, अनाज की ढुलाई के लिए रैक प्रदान नहीं किए जा रहे हैं ; यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ;

(ग) इस मंडल के जबलपुर, मदन महल और हाऊबाग स्टेशनों पर वाहानान्तरण व्यवस्था कब तक प्रदान कर दिए जाने की संभावना है ; और

(घ) क्या यह सच है कि 650 वैगनों को फालतू दर्शा कर अनुप्रयुक्त रखा गया है; यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में किसी का उत्तरदायित्व निर्धारित करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (घ) दक्षिण पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल में बड़ी लाइन और छोटी लाइन के माल डिब्बों के लिए प्रति वर्ष की गई मांग और वर्ष 1990-91 और 1991-92 (दिसम्बर, 1991 तक) में की गई ढुलाई का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

	मांग		ढुलाई	
	ब०ला०	छो०ला०	ब०ला०	छो०ला०
1990-91	63051	27963	45037	24714
1991-92 (दिसम्बर, 91 तक)	48432	20924	32389	17408